**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding construction of bridges on Burdhi Gandak river in Muzaffarpur, Parliamentary Constituency-laid.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): हमारे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर में शहर से जाम और अखाड़ाघाट पुल पर दबाव कम करने के लिए बूढ़ी गंडक नदी पर चन्दवारा और आथरघाट पुल निर्माण हेतु शिलान्यास वर्ष 2014-15 में किया गया था । ये दोनों योजनाएं 40-40 करोड रूपए की थी जिसे 2017-18 में ही पूरा किया जना था लेकिन 300 मीटर लम्बे और 12 मीटर चौड़े चन्दवारा घाट पुल के सम्पर्क पथ के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई साथ ही निर्माणाधीन पुल का एक पाया भी झुक गया । इसी तरह अथारघाट पुल का निर्माण तो पूरा हो गया मगर संपर्क पथ नहीं बनने से योजना का उददेश्य पूरा नहीं हो सका ।

मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि मुजफ्फरपुर शहर को जाम और अखाड़ाघाट पुल पर दबाव शीघ्र कम करने के मद्देनजर चन्दवारा घाट पुल एवं आथरघाट पुल के निर्माण एवं इसके संपर्क पथ हेतु भू-अर्जन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरी करायी जाए ।